we have reiterated, I can detail them. It is deployment of manpower; setting up of control room; deployment of vehicles; deployment of aircraft and helicopters for aerial survey, etc.

Mr. Chairman: Question Home is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

दिल्ली में अधिकृत झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले व्यक्तियों का पुनर्वास

*442. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली में अनधिकृत झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु किन्हीं कदमों पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

शहरी विकास मंत्री (श्रीमति शीला कौल)

(क) से (घ) दिल्ली नगर निगम के स्लम विंग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा अनुमोदित लि-सूची नीति के तहत, दिल्ली में केवल उन्हीं झुग्गी समूहों की झोंपड़ियों को अन्यत्र बसाया जाता है जो ऐसी भूमियों पर आबाद हैं, जिसकी भूस्वामी एजेंसियों को सार्वजनिक महत्व की परियोजनाओं के लिये जरूरत है तथा जो पुनर्वास के खर्च में अपना वाजिब हिस्सा बंटाने के लिए राजी हैं। स्कीम के अन्तर्गत, नियत स्थलों पर केवल वही जे० जे० परिवार शामिल हैं, जिन्हें भारतीय राष्ट्रीय प्राप्त है और जिनके पास सिविल सप्ल विभाग द्वारा किसी नियत तारीख तक के लिए जारी राशन कार्ड हैं। प्रत्येक पात्र विस्थापित परिवार को क्लस्टर-कोर्ट टाऊन हाउस प्लानिंग" अवधारणा के अनुसार 7 वर्ग मीटर के साझा खुले कोर्टयार्ड सहित 18 वर्ग मीटर का विकसित स्थल दिया जाता है। आश्रय बनाने के लिए प्रत्येक झुग्गी परिवार को 15 हजार रुपए का कर्ज देने के लिए दिल्ली सहकारी आवास वित्त सौसाइटी को एजेंसी नामित किया गया है। ये कर्ज आसान किश्तों में वसूला जाएगा। 1 अप्रैल, 1990 से 31 मार्च, 1993 तक 2787 झुग्गी झोंपड़ी परिवारों का पुनर्वास किया गया है।

Hudco loan to Maharashtra

*448. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the amount of loan provided by the Central Government to Maharashtra by Housing and Urban Development Corporation (HUDCO) during the last two years;

(b) the amount of loan repaid so far; and

(c) the projects/schemes of Maharashtra still pending with HUDCO for clearance?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SMT. SHEILA KAUL):

(a) The amount of loan sanctioned and released by HUDCO to various agencies in Maharashtra for housing and urban development projects during the last two years are reported to be as follows:—

Year	Loan sanctioned (Rs. in crores)	Loan released (Rs. in crores)
1991-92	195.69	113.28
1992-93	147.44	101.73